एक नजर में

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर का निरीक्षण किया

मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धुंधडका में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर का निरीक्षण किया। शिविर के दौरान 200 से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जिसमें से 48 हाई रिस्क महिलाओं का चिन्हांकन कर उपचार प्रदान किया गया। कलेक्टर ने इन सभी गर्भवती महिलाओं को प्रतिमाह फॉलाओप कराये जाने हेतु निर्देश दिये। 25 जुलाई से 09 अगस्त तक प्रतिदिवस समस्त गर्भवती महिलाओं की एक बार चिकित्सकिय जांच कराये जाने के निर्देश दिये। गर्भवती महिलाओं के प्रतिक्षा कक्ष में बैठने, टोकन सिस्टम द्वारा जांच करने तथा पिने के पानी की व्यवस्था इत्यादि के संबंध में बीएमओ डॉ. अभिषेक जैन को निर्देश दिये। साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी एस चौहान को गर्भवती महिलाओं की शिविर में उपस्थिति के अनुपात में अतिरिक्त चिकित्सकों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधिन बीपीएचयू का भी निरीक्षण किया तथा बीपीएचयू में बचे हुए कार्य, प्लेट फार्म निर्माण इत्यादि शीघ्र पुर्ण करने के निर्देश पीआईयू विभाग को दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. सूर्यवंशी, श्री नीलेश गर्ग, श्री राकेश शर्मा उपस्थित थे।

मच्छरजनित रोगों से बचाव हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण एवं कार्यशाला

मंदसौर। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक ने बताया कि कलेक्टर अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.एस.चैहान के निर्देशन में अंर्तरविभागीय समन्वय के अंतर्गत आंगनवाडी कार्यकताओं का मच्छरजनित रोगों से बचाव हेतु प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम दो बेच में संपन्न हुआ। जिसका उद्धेश्य न केवल मलेरिया/डेंगू से बचाव की जानकारी देना है बल्कि अन्य लोगों को जागरूक करना है। वर्षा ऋतु आने पर मच्छरों के स्त्रोत बढ़ जाने से मच्छरों की संख्या बढ़ने लगती है, इन स्त्रोतो में मच्छर उत्पन्न न हो इस हेतु समन्वय प्रयास आवश्यक है, घरों के आस-पास भरे पानी में प्रति सप्ताह जला हुआ आयॅल डाला जा सकता है। घरों के अंदर भरे पानी को ढंक कर रखें, कूलर को प्रति सप्ताह खाली करे, और उसे धोकर साफ करके अगर जरूरत न हो तो उसे सुखा ही रख दें। मलेरिया एवं डेंगू जैसी बीमारियों की सही जानकारी रख कर बचाव किया जा सकता है। प्रशिक्षण में मच्छरों के उत्पत्ति स्थल को कम करने के उपाय, लार्वा विनष्टीकरण मलेरिया एवं डेंगू के लक्षण, उपचार, सावधानियो के साथ आंगनवाड़ी के माध्यम से अन्य लोगों को जागरूक करने हेतु प्रशिक्षण प्रदाय किया गया है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सब जेल गरोठ का औचक निरीक्षण

▶ बंदियों की मूलभूत सुविधाओं, विधिक सहायता की उपलब्धता के संबंध में दिए निर्देश

मंदसौर। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता द्वारा सब जेल गरोठ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य जेल में बंदियों की मूलभूत सुविधाओं, विधिक सहायता की उपलब्धता, तथा मानवीय अधिकारों के प्रति जेल प्रशासन की संवेदनशीलता का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करना था।

इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर, सब जेल गरोठ के जेल अधीक्षक एवं अन्य जेल अधिकारीगण, तथा संबंधित स्टाफ उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल मेहता द्वारा निम्न पहलुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया-

जेल परिसर की स्वच्छता, बंदियों के निवास स्थल की स्वच्छता एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता का सूक्ष्म अवलोकन किया गया।बंदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, मात्रा एवं पोषण संतुलन का निरीक्षण किया गया। न्यायाधीश द्वारा विचाराधीन बंदियों से व्यक्तिगत संवाद कर यह जाना गया कि उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त हो रही है अथवा नहीं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सहायता की जानकारी दी गई एवं जरूरतमंद बंदियों को तुरंत लाभ पहुंचाने हेतु सचिव, डीएलएसए को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जा रहा है एवं उनके मौलिक अधिकारों का संरक्षण किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की शिकायत के त्वरित निवारण के लिए बंदियों को लीगल एड क्लिनिक की जानकारी प्रदान की गई।

> निरीक्षण के समापन पर जेल प्रशासन को यह निर्देशित किया गया कि बंदियों को न्यायिक प्रक्रिया से समय-समय पर अवगत कराया जाए, लीगल एड क्लिनिक को सक्रिय रखा जाए, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ सतत समन्वय बनाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी बंदी को विधिक सहायता से वंचित न रहना पड़े।

गुरुभक्ति में लीन हुआ पिपलिया का जैन समाज, तपस्वियों के प्रत्याख्यान से गूंजा दिवाकर स्वाध्याय भवन

पिपलियामण्डी। धर्म नगरी पिपलिया में चल रहे धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में आचार्य सम्राट आनंद ऋषि मसा की 125 वीं जन्म जयंती अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाई। यह पावन अवसर सौभाग्य कुल दिवाकर प्रवर्तक राज प्रकाश मुनि मसा की सुशिष्या रमणीककुंवर रंजन आदि थाणा 4 के मंगल सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर शासन प्रभाविका चंदना श्रीजी मसा ने गुरुदेव के जीवन पर विस्तृत प्रवचन दिए, वहीं रमणीक कुंवर मसा ने आचार्य प्रवर के तपस्वी, संयमी एवं प्रेरणादायक जीवन पर सारगर्भित विवेचन प्रस्तुत किया। स्वर कोकिला लाभोदय मसा ने गुरुदेव पर मधुर स्तवन प्रस्तुत किए गए, जो उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर गए। सभा में राजेश दक ने विचार रखे, वहीं नेहा कीमती एवं मंजू छींगावत ने भावपूर्ण गीतों की प्रस्तुति दी।

श्री शक्ति लॉयन क्लब ने शामावि रूपी में किया पौधारोपण

पिपलियामण्डी। श्री शक्ति लॉयन क्लब पिपलिया मंडी ने समाज सेवा के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय रूपी में पौधारोपण कार्यक्रम किया। इस अवसर पर क्लब ने बच्चों को पाठ्यपुस्तकें, पानी की बोतलें वितरित की व नाश्ता कराया। यह आयोजन क्लब सचिव लॉयन मधु जैन के सोजन्य से आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, यदि प्रत्येक व्यक्ति जीवन में इस तरह के आयोजन करते रहे पर्यावरण की सुरक्षा होगी, बल्कि जरुरतमंद बच्चों की सहायता भी हो सकेगी। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष अलका जैन,संरक्षक निलिमा अग्रवाल और कार्यकारणी सदस्य ममता शर्मा, ज्योति जैन, अंगुरबाला पाटीदार, प्रियंका जैन, राजश्री पाटीदार, विद्या चौधरी, सोनू फरक्या, आशा पाटीदार आदि उपस्थित थे।

सांवरिया गौशाला कुंचड़ौद में किया फलदार व फूलदार पौधों का रोपण

मन्दसौर। श्री सांवरिया गौशाला ग्राम कुंचडोद में पौधारोपण किया गया पौधों में फलदार पौधा आम, जामुन, चीकू, सेवफल तथा फूलदार पौधा गुलमोहर आदि का पौधारोपण किया। सरपंच कारुलाल भील, उप सरपंच बिहारीलाल गोयल, धुंधडका भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल गुजरिया, गौशाला समिति पदाधिकारी सदस्य कार्यकर्ता योग गुरु बंसीलाल टॉक, प्रेमसुख पाटीदार, कारूराम करा, लक्ष्मीनारायण कुंडेल, गोवर्धन रोडवार, छगन बागड़िया, निर्भयराम पाटीदार आदि थे।

योजना क्रमांक 3 मेघदूत नगर में भूखंडों के आरक्षण की प्रक्रिया की गई

मंदसौर। योजना क्रमांक 3 मेघदूत नगर में 86 भूखंड जिसमें एल.आई.जी. व एम.आई.जी. दोनों शामिल है।

इन भूखंडों को आवंटन की प्रक्रिया नगरपालिका के द्वारा प्रारंभ कर दी गई है भूखंडों का आरक्षण पारदर्शी रूप से हो तथा भूखंडों में आरक्षित वर्ग को भी भूखंड का लाभ मिले इसके लिए कल शुक्रवार को नगर पालिका सभागृह में नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनीता चौकोटिया राजस्व वित्त एवं लेखा समिति सभापति कौशल्या बंधवार की उपस्थिति में नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा पारदर्शी तरीके से 86 भूखंड में से 14 भूखंड का आरक्षण किया .इस आरक्षण में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति दिव्यांग एवं महिला वर्ग के लिए भूखंड आरक्षित रहेंगे .

एक नजर ▶ अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर सराफा व्यापारियों ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

लक्की ज्वेलर्स में गैस कटर से शटर काटकर चोरी, व्यापारियों में दहशत

सीतामऊ। नगर के आड़ा बाजार स्थित लक्की ज्वेलर्स की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर को गैस कटर से काटकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। लक्की ज्वेलर्स के संचालक मोनेश प्रहलाद सोनी ने सुबह दुकान पहुंचने पर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चोरी की इस घटना से नगर के समस्त सराफा व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल व्याप्त है।

चोरों ने सुनियोजित तरीके से दुकान का शटर काटकर दुकान में प्रवेश किया और चोरी कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। हालांकि चोरी गए सामान का आंकलन अभी तक नहीं हो पाया है, परंतु प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लाखों रुपये मूल्य के जेवरात चोरी हुए हैं।

इस घटना के विरोध में आज नगर के सभी सराफा व्यापारियों ने एकत्र होकर अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। व्यापारियों ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि नगर में इससे पूर्व भी सराफा दुकानों को निशाना बनाकर चोरी के प्रयास हो चुके हैं, किंतु अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो पाया है।

व्यापारियों का कहना है कि सोना-चांदी के बढ़ते दामों के चलते सराफा व्यापारियों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। सभी व्यापारी अब सुरक्षा की दृष्टि से सायंकाल जेवरात घर ले जाने को विवश हैं, जिससे असुरक्षा की भावना और बढ़ रही है।

व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की कि शहर में रात्रि गश्त को सख्त किया जाए, सीसीटीवी निगरानी को बढ़ाया जाए एवं सराफा बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए।

नीमच

एक नजर में

जाजू कॉलेज खेल मैदान हेतु समीक्षा बैठक आयोजित

नीमच। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या महाविद्यालय नीमच के लिए खेल मैदान हेतु 11 करोड़ 91 लाख की राशि स्वीकृत करने पर 24 जुलाई को श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या महाविद्यालय पर महाविद्यालय की छात्राओं के लिए बनने वाले खेल मैदान हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में विधायक दिलीपसिंह परिहार ने खेल मैदान की डिजाइन, ड्राइंग व खेल मैदान के दस्तावेजों का अवलोकन किया। साथ ही छात्रों के लिए बनने वाले खेल मैदान का निरीक्षण भी किया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा, भाजपा के वरिष्ठ नेता हेमंत हरित, संतोष चोपड़ा, जन भागीदारी अध्यक्ष विजय बाफना, आदित्य मालू, लोकेश चांगल, पीआईयू के अधिकारी रिंकू चौहान, महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती डॉ. प्रतिभा कालानी एवं महाविद्यालय स्टाफ के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

एकासना की तपस्या कर नन्हीं आर्या ने लिया आशीर्वाद

नीमच। नन्ही साढ़े 4 वर्षीय बालिका आर्या पुत्री अंकित सुपोत्री सुशील नपावलिया ने इन्दिरा नगर स्थित वासुपुज्य जैन मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित चातुर्मास में विराजमान ध्यान कीर्ति महाराज साहब की प्रेरणा से गौतम स्वामी की लब्धि के पावन उपलक्ष्य में खीर के ऐकाशने की तपस्या की। जिसकी सभी ने अनुमोदना की। ध्यान कीर्ति महाराज साहब के चरण वंदन कर आर्या ने आशीर्वाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि उल्लेखनीय है कि नन्ही बालिका आर्या ने पूर्व में भी पद्मभूषण जी महाराज की प्रेरणा से उपवास की तपस्या पूरी की थी। आर्या चैतत्य वंदन भी करवाती है। सभी तपस्या व पूजन की धार्मिक क्रिया को सीखने की रुची के प्रति जागरूक है।

सांसे हो गई कम त्रिवेणी पौधारोपन करें हम

नीमच। महावीर शाखा के स्वयं सेवको द्वारा हरियाली महोत्सव पर्यावरण अभियान के अंतर्गत जय घोष के साथ .... सांसे हो रही कम त्रिवेणी लगाएंगे हम अवसर था श्रीमती शांता देवी जी लोढ़ा की स्मृति में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में वीनू वाटिका जवाहर नगर में वृक्षारोपण विभाग पर्यावरण प्रमुख यशवंत यादव और विभाग सेवा प्रमुख नारायण सिंह राठौड़ के द्वारा वृक्षारोपण में त्रिवेणी व अन्य छायादार वृक्ष का रोपण किया ।इसके साथ औषधीय गुणों वाले दो त्रिवेणी पीपल, निम , बर्गद मिलाकर 11 पौधेरोपण किये गये ।और पूरे परिवार द्वारा शीघ्र ही अपने पूर्वजों की स्मृति में अन्य उद्यान में भी पौधारोपण अभियान का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरणा प्रदान की जाएगीं ।

रक्षाबंधन पर दशहरा मैदान में सजेगा त्यौहारी बाजार

नीमच। नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा जिला प्रशासन के निर्देश पर रक्षाबंधन पर आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक ही स्थान पर राखिया सहित अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में आगामी रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा मैदान में त्यौहारी बाजार हेतु अस्थाई रूप से लगने वाली दुकानों को जगह आवंटित की जावेगी । दुकान लगाने के इच्छुक व्यवसाइयों से दिनांक 26 से 29 जुलाई तक हस्तलिखित आवेदन नगर पालिका कार्यालय में लिए जाएंगे।

बड़ी गांव में 431 मेगावाट पीक क्षमता की सौर परियोजना विकसित की

▶ सिंगल एक्सिस ट्रैकर और बाई-फेशियल ग्लास-टू-ग्लास मॉड्यूल की आधुनिक तकनीक से यह प्रोजेक्ट कम से कम 15त्न अधिक प्रभावशाली बनता है

नवभारत न्यूज़
चैनसिंह सोलंकी

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (*TPREL*), जो टाटा पावर कंपनी लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है और भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है, ने मध्य प्रदेश के नीमच जिले के सिंगोली तहसील के बड़ी गांव में 431 मेगावाट पीक क्षमता की सौर परियोजना विकसित की है। यह परियोजना देश की हरित ऊर्जा क्षमता को बढ़ावा देने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक अहम कदम है।

इस परियोजना की खास बात यह है कि इसमें सिंगल-एक्सिस ट्रैकर और बाई-फेशियल ग्लास-टू-ग्लास सोलर मॉड्यूल का इस्तेमाल किया गया है, जो सूरज की दिशा को ट्रैक करते हैं और ज़मीन से वापस आने वाली रोशनी को भी उपयोग में लेते हैं। इससे बिजली उत्पादन में कम से कम 15त्न की बढ़ोतरी होती है। यह प्रोजेक्ट %सॉल्यूशन्स फॉर पावर प्रोड्यूसर% कैटेगरी में शामिल था और इसे 17 महीनों के भीतर पूरा कर लिया गया।

यह अत्याधुनिक और विशाल परियोजना लगभग 9 करोड़ यूनिट बिजली उत्पन्न करने की क्षमता रखती है, जो इंदौर की लगभग 95त्न जनसंख्या की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। यह परियोजना क्षेत्र में सतत ऊर्जा भविष्य को साकार करने की दिशा में स्केल और तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

यह सोलर प्लांट 2,000 एकड़ में फैला है और इसमें 7,65,408 बाई-फेशियल ग्लास-टू-ग्लास सोलर पैनल लगाए गए हैं। इसकी *DC* क्षमता 431 मेगावाट पीक है और ष्ट आउटपुट 330 मेगावाट है, जिसे बेहतर ऊर्जा रूपांतरण और प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया है। यह प्रोजेक्ट भारत के ऊर्जा बदलाव की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो पश्चिम मध्य रेलवे और मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी को साफ-सुथरी बिजली उपलब्ध कराएगा। इससे हर साल लगभग 7,80,300 टन ष्ट्ह्र उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है, जो भारत के 2030 तक 500 गीगावाट गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लक्ष्य को समर्थन देता है।

> नीमच सौर परियोजना *TPREL* की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नेतृत्व और भारत के कम-कार्बन भविष्य के निर्माण में उनके योगदान को और अधिक सशक्त बनाती है। टाटा पावर के यूनिट दो के स्टेशन हेड गौतम करेलिया ने जानकारी देते हुए बताया की की कम्पनी बड़ी कवई थारोद भीलो का खेड़ा गावों में शिक्षा स्वास्थ्य मुलभुत सुविधाओं हेतु स्वस्थ्य केम्प स्कुल में फर्नीचर पिने के पानी की साफ स्वच्छ व्यबस्था की गयी हे जिससे ग्रामवसियो के जीवन में काफ़ी परिवर्तन हुआ हे

गिरदोडा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा आयोजित

नीमच। म.प्र. जन अभियान परिषद नवांकुर सखी अभियान अंतर्गत हरियाली यात्रा जावी सेक्टर के ग्राम गिरदोडा में नीमच सुरेश लोक शिक्षण समिति द्वारा आयोजित की गयी। आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक नीमच दीलिप सिंह परिहार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मदन धनगर , मंडल अध्यक्ष विश्वास पाटीदार, उपाध्यक्ष सतीश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता किशन शर्मा, पूर्व जनपद सदस्य देवकरण जी, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन माली, लोकेश चांगल उपस्थित रहे । ग्राम की महिला नवांकुर सखियो को नीम, जामुन, बीज रोपित थैलियों को वितरित किया जिन्हें ये नवांकुर सखी पौधे के रूप में विकसित करेंगी एवं पौधों को रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में रोपित किया जायेगा। विधायक दीलिप सिंह परिहार ने सभी नवांकुर सखियों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया एवं कहा कि पर्यवरण के प्रति मातृ शक्ति पहले से ही जागरूक है, सनातन संस्कृति के त्योहार वृक्षों की पूजा से जुड़े हैं और इनका पूजन माता बहने करती है।

नपा ने 9 पशुपालकों के बनाए चालान, 9000 जुर्माना वसूला

नीमच। नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नपा अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व व स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित व प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक की देखरेख में शहर की सड़कों पर पशुओं को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही निरंतर जारी है। शुक्रवार को प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टाक के सानिध्य में स्वच्छता निरीक्षक श्री गोपाल नरवाले व गैंग प्रभारी महेंद्र सौदे द्वारा 9 पशु पालको के चालान बनाकर 9000 रूपये अर्थदंड वसूला गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक ने शहर के पशु पालकों से निवेदन किया कि अपने पशु बाड़े में बंद करके रखे,खुले छोड़ने पर चालानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

NAME CHANGE

I **VARSHA KRIPLANI W/O JITENDRA ADWANI** HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO **VRIDHI ADWANI W/O JITENDRA ADWANI** HENCEFORTH, I SHALL BE KNOWN AS **VRIDHI ADWANI W/O JITENDRA ADWANI** FOR ALL FUTURE PURPOSES.
ADDRESS: B-5, RAMTEKRI NAKODA NAGAR MANDSAUR. MADHYA PRADESH 458001.

एक नजर ▶ 27 दिवसीय शिव महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण

नीति से कमाया धन ही पुण्य फलदाई होता है : पं. त्रिपाठी

नीमच।अनीति पूर्वक कमाया धन बीमारी में लग जाता है। पुण्य कार्यों के लिए किया गया दान संकट के समय हमारे जीवन की रक्षा करता है।दूसरों की भलाई के लिए किया गया दान पुण्य हमेशा मंगलकारी सिद्ध होता है।नीति और पुरुषार्थ से कमाया धन ही पुण्य फलदाई होता है।

यह बात गुरुदेव रुद्रदेव जी त्रिपाठी (जावद वाले) ने कहीं।वे श्री हरि सत्संग मंडल एवं भक्तगण के तत्वाधान में गोमाबाई रोड स्थित लायन्स डेन सभागार में 11 जुलाई से 6 अगस्त तक आयोजित 27 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं पर्वतीय शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि कोई धर्म जप तपस्या के लिए 100 दान में देने के लिए कहे तो उसे तो 125सवाया कर दान में देना चाहिए। तभी उसका फल मिलता है। देव द्रव्य के लिए दान निधि की राशि को सवाया कर ही दान देना चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी ने अयोध्या में प्रत्येक एकादशी को एक घड़ी जनता के दु:ख दर्द की जनसुनवाई के लिए निर्धारित की थी। इस जनसुनवाई में उन्होंने एक बाह्मण को कुत्ते को बिना कारण मारपीट करने के अपराध के लिए न्याय प्रदान किया था। अनजाने में किए गए पाप कर्म की सजा भी मिलती है। शिव भक्ति करने का फल मोक्ष के रूप में मिलता है।यदि हम दूसरों का भला करते हैं तो भला का उल्टा लाभ होता है। दूसरों का भला करेंगे तो हमारा लाभ अवश्य होगा।शिव महापुराण पोथी पूजन आरती में सत्यनारायण कुमावत, जावद, हरीश धुत चित्तौड़गढ़, बालकिशन धुत, अनिल धुत निंबाहेड़ा ,अजय धुत,प्रीतम धुत लक्ष्मी नारायण सोनी, जगदीश जाड़ोंतिया,जावद, कमल बैरागी, निंबाहेड़ा राजेंद्र व्यास ,गोपाल सालवीआदि थे।